लोकप्रिय बनाने के लिए और अधिक डाकुमेंट्री फिल्में बनाई जा रही हैं। ऐसी फिल्मों की एक सूची सदन की मेज पर रख दी गई है।[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या LT—2998/70]

देश में संकट ग्रस्त चीनी मिलें

4204. श्री रघुबीर सिंह शास्त्री : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में संकट ग्रस्त चीनी मिलों की राज्यवार संख्या क्या है ;

(ख) इन मिलों ने गन्ना उत्पादकों का कितना रुपया देना है ; और

(ग) कर्मचारियों तथा गन्ना उत्पादकों के हितों की रक्षा करने के लिए इन मिलों को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

खाद्य, कृषि सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). संबन्धित राज्य सरकारों से सूचना एकत्रित की जा रही है।

(ग) चीनी उद्योग के राष्ट्रीयकरण की मांग के संदर्भ में सरकार ने उसके कार्याचालन का अध्ययन करने हेतु एक समिति नियुक्त करने का निर्णय किया है। समिति के विचारार्थ विषयों में उन चीनी मिलों की समस्यायें भी शामिल की जाएंगी जो अच्छी हालत में नहीं हैं।

चीनी उद्योग के राष्ट्रीकरण के बारे में विचार करने के लिए उच्चस्तरी समिति

4205. श्री रघुबीर सिंह शास्त्री :
श्री बलराज मधोक :
श्री ओ० वाई० कृष्णन :
श्री देविंदर सिंह गार्चा :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने चीनी उद्योग का राष्ट्रीयकरण करने बारे में विचार करने हेतु किसी उच्चस्तरीय समिति की नियुक्ति के बारे में अन्तिम रूप से निर्णय कर लिया है : और

(ख) यदि हां, तो उस समिति के निर्देश पद क्या हैं तथा उसके सदस्यों के नाम क्या हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां।

(ख) समिति के गठन तथा उसके विचारार्थ विषयों को अन्तिम रूप देने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जा रही है।

Printing of Telephone Directories for Punjab

4206. SHRI S. K. SAMBANDHAN : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that orders for printing of Telephone Directories for Punjab have been placed with the printers outside the State and, if so, the names of the printers with whom orders were placed;

(b) the procedure under which the orders were placed with the printers;

(c) when the orders were placed and whether the directories have been printed according to specification; and

(d) If not, the action taken in this regard ?